देखो कृष्ण कन्हैया आएंगे राधे संग रास रचाएंगे

देखो कृष्ण कन्हैया आएंगे राधे संग रास रचाएंगे
वृन्दावन की कुञ्ज गलियां में वो बंसी मधुर बजायेगे ,
देखो कृष्ण कन्हैया आएंगे राधे संग रास रचाएंगे

निधि वन में प्रभु आज भी आके देखो रास रचाते है ,
गोप गोपियों के संग देखो मिल कर धूम मचाते है,
मुरली की सुन तान गोपियाँ सुध बुध ही खो जाती है,
देखो कृष्ण कन्हैया आएंगे राधे संग रास रचाएंगे

राधे श्याम की जोड़ी निराली कितनी सूंदर लागे है,
जिनको इनके दर्शन होते सोये भाग भी जागे है,
कैसी भी बिगड़ी हो किस्मत पल में भी बन जाती है,
देखो कृष्ण कन्हैया आएंगे राधे संग रास रचाएंगे

श्याम मनोहर कितने सूंदर मुरली मधुर बजाते है,
सारे ब्रज बासन को देखो कान्हा ही मन बाहते है,
जय जय कार सभी करते है कान्हा के गुण गाते है
देखो कृष्ण कन्हैया आएंगे राधे संग रास रचाएंगे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16458/title/dekho-krishan-kanhiya-aayege-radeh-sang-raas-rachayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |